## महत्वपूर्ण एवं खास

### 1 लाख का ईनामी नक्सली गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले के थाना कटेकल्याण क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिकपाल, बड़े गादम, तेलम, टेटम के जंगल में नक्सली की सूचना पर थाना कटेकल्याण, डीआरजी दंतेवाड़ा एवं सीआरपीएफ 195 बटालियन सी कंपनी कटेकल्याण की संयुक्त पुलिस पार्टी द्वारा माओवादी जनमिलिशिया कमांडर हिड़मा पोड़ियामी उम्र 35 वर्ष निवासी चिकपाल जंगलपारा थाना कटेकल्याण को घेराबंदी कर गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता मिली। दंतेवाड़ा एसपी अभिषेक पल्लव ने इसकी पुष्टि की है। गिरफ्तार नक्सली थाना कटेकल्याण क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिकपाल के जंगल में हथियार लूटने की नियत से प्रेशर आईडी लगाकर एक जवान को घायल करने की घटना में शामिल था।

### नशीली दवा का अवैध कारोबार करने वाले पुलिस हिरासत

**रायपुर।** नशीली दवाओं का अवैध व्यापार करने वालों के खिलाफ खाद्य विभाग और पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। उक्त अभियान के तहत रायपुर पुलिस ने बीती रात दो मेडिकल स्टोर में दबिश देकर भारी मात्रा में नशीली दवाएं बरामद की है। बताया जा रहा है कि ये दोनों मेडिकल में लंबे समय से नशीली दवाओं का अवैध करोबार चल रहा था।

फिलहाल पुलिस ने दोनों मेडिकल संचालकों को हिरासत ले लिया है। मिली जानकारी के अनुसार रायपुर पुलिस की टीम ने मंगलवार रात सिद्धार्थ चौक और लाखेनगर में स्थित दो मेडिकल स्टोर्स में दबिश दी। इस दौरान पुलिस की टीम ने मेडिकल से लगभग 400 बोतल कफ सिरप जब्त किया है।

### शादी की बात पक्की करने के बहाने युवक ने चाकलेट में नशीली दवा मिलाकर खिलाया, किया दुष्कर्म

» शादी के लिये युवती ने कराया था मेट्रोमोनी में पंजीयन

**रायपुर (आरएनएस)।** जीवनसाथी वेबसाइट में शादी के लिए रजिस्ट्रेशन करने के बाद युवती को शादी पक्की करने की बात कह युवक ने घटना स्थल पर बुलाकर दुष्कर्म कर अश्लील वीडियों बनाकर बना रहा था था शारीरिक संबंध। घटना की रिपोर्ट तेलीबांधा थाने में दर्ज की गई है। सिविल लाइन रायपुर निवासी पीड़िता 33 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि भारत मेट्रो मोनी में वेबसाइट पर प्रार्थियां ने शादी के लिए रजिस्ट्रेशन किया था। रजिस्ट्रेशन के बाद कमलेश कुमार पटेल से परिचय के दौरान आरोपी ने शादी की बात पक्की करने की बात कहकर एक होटल में बुलाया बातचीत करते समय नशीली चाकलेट खिलाकर बेहोश कर दिया। उसके उपरांत बलात्कार कर अश्लील वीडियो बना लिया व 25 मार्च 2018 से 21 जुलाई 2019 के मध्य कई बार वीडियो वायरल की धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाते रहा। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 ,2 एन के तहत अपराध कायम कर बलात्कार का मामला दर्ज कर लिया है।

### नाबालिग के साथ बनाया शारीरिक संबंध, गर्भ ठहर जाने पर शादी से किया इंकार

**रायपुर (आरएनएस)।** शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग लड़की के साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाते रहा, गर्भ ठहर जाने के बाद शादी से इंकार कर दिया। घटना की रिपोर्ट सिविल लाइन थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार शांति नगर सिविल लाइन निवासी महिला 40 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थिया की बेटी 16 वर्ष के साथ महेश महानंद 20 वर्ष ने शादी का प्रलोभन देकर 1 अक्टूबर 19 से 21 जनवरी 20 के मध्य नाबालिग के साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पास्को एक्ट के तहत बलात्कार का मामला दर्ज कर लिया है।

### देशी कट्टा, कारतूस व चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** अवैध देशी कट्टे व कारतूस के साथ पुलिस ने देर रात एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने दो जिंदा कारतूस समेत स्टील का चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर मौदहापारा पुलिस ने टीम बनाकर मौदहापारा सामुदायिक भवन के पास शेख शाहनवाज को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देशी कट्टा व दो जिंदा कारतूस जब्त किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि अपने घर के दीवार व छत के बीच स्टील का बड़ा चाकू भी छिपाकर रखा है जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।

## राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों के आकलन में छत्तीसगढ़ बना रोल मॉडल



» ललित चतुर्वेदी, सहायक संचालक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में स्कूल शिक्षा में लगातार नवाचार और गुणवत्ता शिक्षा को निरंतर बल प्रदान किया जा रहा है। कक्षा पहली से आठवीं तक के स्कूली बच्चों का राज्य स्तरीय आकलन में 43 हजार 824 स्कूलों के 28 लाख 93 हजार 738 बच्चों का गुणवत्ता सुधार हेतु आकलन किया गया।

विगत एक वर्ष में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया गया राज्य स्तरीय आकलन राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों के आकलन के लिए रोल मॉडल बन गया है। सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक विद्यार्थी अपनी निहित क्षमताओं का सर्वश्रेष्ठ परिवर्तन कर सके। इसमें शिक्षक अपनी सभी विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को पहचानकर विद्यार्थियों की दक्षता बढ़ाने के लिए कार्य कर सकेंगे। राज्य स्तर पर आकलन की रिपोर्ट अत्यंत उपयोगी है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप स्कूल शिक्षा विभाग शिक्षा व्यवस्था अंतर्गत प्रत्येक बच्चे को उनकी पहुंच सीमा के अंतर्गत विद्यालय उपलब्ध कराने कटिबद्ध है। साथ ही शाला में दर्ज प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने प्रयासरत है। शासन के प्रयास से राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दुर्बल वर्ग के विद्यार्थियों को शालाओं में उनकी जनसंख्या प्रतिशतता के क्रम में शासन द्वारा सफलता प्राप्त की गई है। आई.सी.टी. और स्मार्ट क्लास- प्रदेश के चार हजार 330 शासकीय हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में आई.सी.टी. योजना प्रारंभ की गई है।

इसके अंतर्गत लैब साइट डिजिटल क्लास रूम प्रारंभ किया गया है। विद्यालयों में स्क्रीन और प्रोजेक्टर के माध्यम से मल्टीमीडिया विषय वस्तु सहायता से शिक्षण कार्य किया जा रहा है। इससे शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के बच्चे लाभान्वित होंगे। समस्त पाठ्य सामग्री छत्तीसगढ़ बोर्ड एवं लर्निंग आउटकम से मैप की गई है। दीक्षा- मानव संसाधन विकास मंत्रालय के साथ मिलकर एक अभिनव पहल की गई है। राष्ट्रीय स्तर पर पांच राज्यों आंध्रप्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, राजस्थान और छत्तीसगढ़ को चैम्पियन राज्य का दर्जा देकर कार्य प्रारंभ हुआ है। राज्य में हिन्दी माध्यम की कक्षा पहली से दसवीं तक की समस्त पाठ्य पुस्तकों में 3040 क्यू.आर.कोड अंकित कर 'एनजाईस्ड टेक्स्ट बुक' में परिवर्तित कर लिया गया है। जिसमें आडियो-वीडियो, पीपीटी एवं पी.डी.एफ. दस्तावेज के माध्यम से अतिरिक्त रूचिकर सामग्री शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए तैयार की गई हैं।

## बैंक सखी से ग्रामीणों को अब घर में मिल रही पेंशन व मजदूरी

**रायपुर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्थापित किये गए पे-प्वाइंट बैंक सखी से ग्रामीणों को अब अपने गांव और घर के पास ही सुविधाएं मिलने लगी है। संचालित बैंकों की सेवाएं ग्रामीणों के घर तक पहुंच गई है।



केवल खाता खोलने को छोड़कर बाकी लेन-देन के सभी कार्य बीसी सखी बड़ी सुगमता से कर रहीं है। बीसी (बिजनेस करेसपॉन्डेंस) सखी के द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न पेंशन योजनाओं में जुड़े ग्रामीण क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक सीधे लाभान्वित हो रहे है। इन्हें अपने घर से दूर बैंक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रहीं है। कबीरधाम जिले में 92 बीसी सखी अपनी सेवाएं दे रही हैं जो जिले के विभिन्न बैंको से जुड़कर ग्रामीणों को सुविधाएं दे रही हैं। जिले की सभी 461 ग्राम पंचायतों में सुविधाओं का विस्तार हो चुका है। प्रत्येक 5 ग्राम पंचायत पर एक बीसी सखी अपनी सेवाएं दे रही है। जिला पंचायत कबीरधाम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बनाये गए स्व.सहायता समूह की महिला सदस्य के द्वारा बीसी सखी का कार्य किया जा रहा है। बीसी सखी को जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर बैंकों से एवं प्रशिक्षित व्यक्तियों के द्वारा पूर्ण रूप से प्रशिक्षण दिया गया है। एन.आर.एल.एम.योजना के द्वारा सभी बीसी सखी को फिंगर प्रिंट स्कैनर (बायोमैट्रिक डीवाइस) उपलब्ध कराया गया है। इसकी सहायता से बीसी सखी अपने बैंकिंग क्षेत्र के पेंशन हितग्राहियों का अंगूठा स्कैन कर पेंशन की राशि वरिष्ट नागरिकों को उनके घर में ही दे रही है। इस सुविधा से ग्रामीणों को शहर तक आने की जरूरत नहीं तथा आने जाने में होने वाला व्यय एवं उस दिन का काम छोड़ने से होने वाला नुकसान भी रूक गया है।

## नक्सलियों ने ग्रामीण की गला रेतकर कर दी हत्या

**कांकेर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के बांदे थाना के उलिया में नक्सलियों ने एक ग्रामीण को अगवाकर उसकी धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी है। नक्सलियों ने ग्रामीण को पुलिस मित्र बताकर हत्या कर दी है। ग्रामीण की हत्या से ग्रामवासी आक्रोशित है। मृतक ग्रामीण का नाम रंजीत तिम्मा (24 वर्ष) है।




मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात 6 वर्दीधारी नक्सली रंजीत तिम्मा के घर आकर उसे उठा ले गए थे। उस पर पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए घर से कुछ ही दूरी पर गला रेतकर हत्या कर दी। नक्सलियों की भमरागड़ एरिया कमेटी ने हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए पर्चा भी फेंका है। जिसमें ग्रामीण को पुलिस का मित्र बताया है। हालांकि नक्सल पर्चा कॉपी वाले पेपर पर लिखकर फेंका गया है, जिससे फर्जी नक्सल हत्या भी हो सकता है, लेकिन अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।

एएसपी राजेन्द्र जायसवाल ने बताया कि उलिया गांव के रहने वाले रंजीत तिग्गा की नक्सलियों ने हत्या कर दी है। घटना की जानकारी मिलने पर बांदे पुलिस की टीम उलिया गांव के लिए रवाना हो गई है। एएसपी का कहना है कि मृतक रंजीत तिग्गा का पुलिस से कोई लेना देना नहीं था, निर्दोष ग्रामीण की हत्या कर नक्सली उसे पुलिस मित्र बता देते हैं।

## सरकार का ऐलान : गणेश चतुर्थी, दुर्गाष्टमी और भाई दूज पर रहेगा स्थानीय अवकाश

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य के कांग्रेस शासन ने नववर्ष में तीन छुट्टी देने की घोषणा की है। इस वर्ष 2020 में राज्य में तीन त्योहारों पर स्थानीय अवकाश रहेगा। इस संदर्भ में सामान्य प्रशासन विभाग ने परिपत्र जारी कर दिया है। इसमें गणेश चतुर्थी, महाअष्टमी/महानवमी और भाई दूज पर राज्य में स्थानीय अवकाश रहेगा। राज्य सरकार ने गणेश चतुर्थी 22 अगस्त, महानवमी 24 अक्टूबर और भाईदूज 16 नवंबर 2020 को स्थानीय अवकाश की घोषणा की है। इस आदेश में यह भी लिखा गया है कि नया रायपुर अटल नगर और रायपुर शहर में स्थित समस्त सरकारी कार्यालयों और संस्थाओं में स्थानीय अवकाश रहेगा। लेकिन उपरोक्त स्थानीय अवकाश बैंकों, कोषालयों, उपकोषालयों के लिए लागू नहीं होगा।

## तालपुरी हत्याकांड : क्राइम पेट्रोल-फिल्मों से प्रेरित होकर रची साजिश-गिरफ्तार

» दूसरी पत्नी से छुटकारा पाने दिया जघन्य हत्याकांड को अंजाम

» पहली पत्नी व बच्चों के रहते रचाई थी दूसरी शादी



**भिलाई (आरएनएस)।** तालपुरी-भिलाई सहित पूरे प्रदेश में तहलका मचाने वाले तालपुरी तीहरे हत्याकांड का आखिरकार खुलासा हो ही गया। पुलिस की तत्परता से जहां आरोपी धरदबोचा गया तो वहीं इस तीहरे हत्याकांड का पर्दाफाश भी हो गया। हत्या की जो मुख्य वजह आरोपी ने बताई वह दिल दहला देने वाला है। कई अपराधिक टीवी सीरियल, फिल्मों को देख-देख आरोपी ने एक जघन्य अपराध की साजिश रची और इसे बकायदा अंजाम भी दिया, लेकिन आखिरकार वह पकड़ा ही गया। तालपुरी हत्याकांड का खुलासा करते हुए एसपी अजय यादव ने बताया कि आरोपी ने अपने आप को मृत साबित करने व अपनी पहली पत्नी व बच्चों के साथ चैन की जिंदगी बिताने के लिए ही सारा षड़यंत्र रचा था। आरोपी अपनी दूसरी पत्नी व बच्ची को रास्ते से हटाने के लिए कई महीनों से साजिश रच रहा था। इसके लिए उसने अपनी ही कदकाठी के व्यक्ति की तलाश की और सोमवार रात को इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया। एसपी अजय यादव ने बताया कि रवि शर्मा खिजरसरास गया बिहार का रहने वाला है। पेशे से बढ़ई रवि शर्मा ने 2005 में धनबाद की संगीता शर्मा से शादी की थी। संगीता शर्मा से उसके दो बच्चे भी हैं। 2015 में वह बढ़ई काम के लिए रायपुर आया और इस बीच उसकी मुलाकात मंजू सूर्यवंशी से हुई। इनके बीच प्रेम संबंध बना और रवि शर्मा ने अपने पूर्व विवाह की बात छिपाकर मंजू सूर्यवंशी से दूसरी शादी कर ली। मंजू सूर्यवंशी की भी यह दूसरी शादी थी उसकी भी एक 10 साल की बच्ची है। पहले दोनों हुडको में एक किराए के मकान में रहते थे। लगभग साल भर पहले ही तालपुरी के मकान में आए। इस दौरान मंजू सूर्यवंशी को रवि शर्मा के पहली शादी के बारे में पता चल चुका था।

## शराब दुकान में आगजनी : पूर्व विधायक के पुत्र समेत 4 पर एफआईआर दर्ज




**जांजगीर (आरएनएस)।** शराब दुकान में आग लगाने के मामले में पूर्व विधायक के बेटे समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मामले में सभी आरोपी फरार चल रहे हैं। कचंदा गांव में शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर कुछ लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के बाद रात में शराब दुकान में आग लग गई थी। पूर्व विधायक के बेटे के साथ 4 लोगों पर आग लगाने का आरोप लगाया गया है। शिवरीनारायण पुलिस ने इसी मामले में पूर्व विधायक के बेटे समेत 4 के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

## सुकमा के बाद जगदलपुर में दिखा संदिग्ध ड्रोन जैसी चमकीली चीज

**जगदलपुर (आरएनएस)।** सुकमा जिले में सीआरपीएफ कैंप के उपर ड्रोन मंडराने का तिलिस्म अभी टूटा भी नहीं था, कि उसकी जगह अब जगदलपुर में संवेदनशील इलाकों में ड्रोन देखे जाने से यह मामला गंभीर होता जा रहा है। ज्ञात हो कि जगदलपुर एयरपोर्ट सिविल लाइन और थानों के आसपास ड्रोन के उड़ते हुए देखा गया है। सुकमा जिले में देखे गए ड्रोन की तरह दिखने वाले चमकते ड्रोन की तस्वीर कैमरे में कैद की गई है।

## सरपंच पद के प्रत्यासी के वाहन पर अज्ञात बदमाशों ने लगाई आग

**कवर्धा (आरएनएस)।** पंचायतों में होने वाले सरपंच चुनाव में इन दिनों लोगों पर कुछ इस तरह हावी हो गया है कि ये उपद्रव का रूप ले लिया है. कुछ इसी प्रकार का मामला पिपरिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तमरुवा से सामने आया है।



सूत्र से मिली जानकारी के मुताबिक, सरपंच प्रत्याशी ( निवासी आश्रित ग्राम चूचरूंगपुर) के कार में अज्ञात लोगों ने आग लगा दिया. बताया जाता है कि वह मंगलवार रात करीब साढ़े आठ बजे अपने कार से पंचायत तमरुवा आया था और अपने कार को पंचायत के सामने रखकर वह गांव में चुनावी प्रचार कर रहा था, लेकिन रात्रि 9 बजे करीब अज्ञात लोगों द्वारा उसके कार में आग लगा दी गई।

कार में आग लगने से धमाके की आवाज सुनकर लोग वहां पर पहुंचे तो देखा कार में आग लग गई है. लोगों ने कार में लगी आग को बुझाने के लिए पास के मोटर पम्प की ओर दौड़े, लेकिन पंप बंद था. आशंका जताई जा रही है कि पंप आरोपियों द्वारा बंद कर दिया गया था. आग की चपेट में आने से कार जलकर खाक हो गया. कार के डीजल टंकी खुला हुआ है. जिससे अंदाजा लगाया जा रहा ही की कार से ही डीजल निलालकर उसमें आग लगाया गया है. पिपरिया थाना प्रभारी मुकेश सोम का कहना है कार में आग लगनी की सूचना मिली है।

## बोलबम महाकाल शिवाय सेवा समिति ने विधायक से की मुलाकात

» स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर राजेन्द्र प्रसाद

**भिलाई (आरएनएस)।** बुधवार सबेरे नगर निगम भिलाई के स्वच्छता भारत अभियान के नये नियुक्त ब्राँण्ड एम्बेसडर राजेंद्र प्रसाद एवं बोलबम महाकाल शिवाय सेवा समिति के अध्यक्ष ललन यादव के साथ, विधायक एवं मेयर देवेन्द्र यादव से मिल कर जयंती स्टेडियम के गेट के समक्ष एतिहासिक कुआ के सन्धारन एवं स्व्च्छता के साथ सोंदर्यकरण के लिए मांग की गई।

विधायक से चर्चा के दोरान श्री राजेन्द्र प्रसाद जी ने बताया कि इस कुए मे लगातार कचरा डालने के कारण कुआ जाम होने लगा है। इसकी सफाई से इस एतिहासिक कुए को सुखे से बचाया जा सकता है, जिससे प्राकृतिक रूप से ग्राउंड वाटर रीचार्ज हो सकता भी है। वही उन्होने विधायक जी से पुरे क्षेत्र मे शाम के बाद असामाजिक तत्वो के द्वारा शराब पीना एवं पुरे क्षेत्र मे शराब बोतले व पानी पाउच, व चिप्स के पन्नियो को फेक कर गंदगी फेलाने पर आपत्ति लेते हुए मांग की कि शाम को पुलिस की राउंड को बड़ाने की मांग की गई। जिस पर भी विधायक जी के द्वारा पुलिस विभाग के साथ चर्चा कर कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। वही विधायक देवेन्द्र यादव ने त्वरित स्टेडियम समक्ष कुए का निरीक्षण का निर्णय लिया। इस दौरान निगम के संबंधीत अभियंता स्वेता जी एवं पार्षद नीरज पाल भी तुरंत उपस्थित हुए।



स्थल मे पहुचकर विधायक ने सभी के साथ चर्चा कर जल्द से जल्द इसकी टेंडरिंग प्रोसेस करने का निर्देश दिया गया। जिस पर सभी ने कार्य को जल्द से जल्द करवाने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान बोलबम महाकाल शिवाय सेवा समिति के पदाधिकारी संजय मुखर्जी, संजय गिरी, दामोदर भारती, विकास सिंह, धनंजय चतुर्वेदी, दिलिप शर्मा एवं अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।


SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता** इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां** मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु** प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें** संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU